# University in News on 08 February 2025

## THE PIONEER PAGE 3

### Raisina Hackathon: India's role in emerging world order discussed

PNS ■ LUCKNOW

Lucknow University hosted a 'Raisina Hackathon', organised by the Observer Research Foundation (ORF) and the Ministry of External Affairs, Government of India, on Friday. Over 400 students from 32 colleges in Lucknow and adjoining cities, including Prayagraj and Kanpur, participated in the hackathon at Lucknow University, offering their perspectives on India's role in the emerging world order.

The event, held at the university's Malviya Hall, focused on three key themes: Foreign policy and security: India's role in a changing global order, Climate change and sustainability: Leading the global green agenda, and Digital futures: Shaping the next era of global technology.

Across these sessions, over 150 students spoke on issues such as: Which global challenges should India champion? What agendas should India lead? What actions and pathways can drive global progress, prosperity, and equality? They outlined a blueprint for their vision of India.

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

### अपने सपनों के भारत पर लविवि के छात्रों ने की चर्चा

संवाद न्यूज एजेंसी

**लखनऊ विवि में रायसीना हैकाथन**

लखनऊ। ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन और विदेश मंत्रालय की ओर से लखनऊ विश्वविद्यालय में रायसीना हैकाथन का आयोजन हुआ। इसमें 150 से अधिक छात्रों ने भाग लिया।

भारत को किन वैश्विक चुनौतियों का नेतृत्व करना चाहिए? किन मुद्दों पर भारत को अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए? वैश्विक प्रगति, समृद्धि और समानता को बढ़ावा देने के लिए कौन से कदम उठाने चाहिए? इन विचारों के माध्यम से छात्रों ने अपने सपनों के भारत की रूपरेखा प्रस्तुत की।

आयोजन के दौरान कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय, प्रति कुलपति प्रो. मनुका खन्ना, राजनीति शास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रो. संजय गुप्ता व अन्य प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे।

## PIONEER PAGE 3

### एलयू में छात्रों ने रायसीना हैकाथॉन में अपने सपनों के भारत पर की चर्चा

**लखनऊ।** लविवि ने शुक्रवार को ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन और भारत सरकार के विदेश मंत्रालय द्वारा आयोजित रायसीना हैकाथॉन की मेजबानी की। कार्यक्रम में लखनऊ और उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों, जैसे प्रयागराज, वाराणसी, गोरखपुर, कानपुर आदि जनपदों के 400 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। उन्होंने उभरते वैश्विक परिदृश्य में भारत की भूमिका पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

## JAGRAN CITY PAGE III

### परिणाम जारी

जासं • लखनऊ : लवि ने एलएलबी पंचवर्षीय 2019 बैच के नौवें सेमेस्टर के साथ बीएएमएस चतुर्थ सेमेस्टर का परिणाम शुक्रवार को जारी किया है।

### भारत अरब विवि कांफ्रेंस में कुलपति ने रखे विचार

अमृत विचार, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आलोक कुमार राय ने प्रथम भारत अरब विश्वविद्यालय प्रेसिडेंट कांफ्रेंस में भाग लिया। यह आयोजन विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के सौजन्य से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का उद्घाटन लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र और विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह के द्वारा किया गया। इस अवसर पर कुलपति डॉ. आलोक कुमार राय ने अपने विचार भी रखे।

## AMRIT VICHAR PAGE 4

### हैकाथॉन में दिखी देश के लिए युवाओं की चिंता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित हुआ रायसीना हैकाथॉन**

**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय में ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन और विदेश मंत्रालय द्वारा आयोजित रायसीना हैकाथॉन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लखनऊ और प्रयागराज, वाराणसी, गोरखपुर, कानपुर आदि जनपदों के 400 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। उन्होंने उभरते वैश्विक परिदृश्य में भारत की भूमिका पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

विदेश नीति और सुरक्षा बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारत की भूमिका, जलवायु परिवर्तन और स्थिरता वैश्विक हरित एजेंडा का नेतृत्व, डिजिटल भविष्य वैश्विक तकनीकी युग की दिशा तय करना जैसे तीन विषयों पर युवाओं ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में 150 से अधिक छात्रों ने भाग लिया और चर्चा की कि भारत को किन वैश्विक चुनौतियों का नेतृत्व करना चाहिए। किन मुद्दों पर भारत को अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। वैश्विक प्रगति, समृद्धि और समानता को बढ़ावा देने के लिए कौन से कदम उठाने चाहिए। युवाओं ने सपनों के भारत की रूपरेखा प्रस्तुत की। आयोजन के दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय, प्रति कुलपति प्रो. मनुका खन्ना, कला संकाय अध्यक्ष, राजनीति शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. संजय गुप्ता एवं अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे।

## SWATANTRA BHARAT PAGE 2

### लविवि में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन राशी 25 का उद्घाटन



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के तहत डिपार्टमेंट ऑफ एप्लाइड साइंस एंड ह्यूमैनिटीज ने कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय की देखरेख में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन रीसेंट एडवांसेज इन एप्लाइड साइंस एंड ह्यूमैनिटीज इन इवोल्यूशन ऑफ इंजीनियरिंग (राशी 25)का उद्घाटन समारोह विश्वकर्मा सभागार में संपन्न हुआ। जिसमें देश के प्रतिष्ठित शिक्षाविदों और शोधकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं कुलगीत से हुआ। इसके बाद अभियांत्रिकी संकाय के डीन प्रो.एके सिंह ने मुख्य अतिथि प्रो.एमजी ठक्कर, निदेशक, बीरबल साहनी इंस्टीट्यूट ऑफ पैलियोसाइंसेज लखनऊ एवं विशिष्ट अतिथियों प्रो.आरपी छबड़ा, आईआईटी कानपुर के पूर्व प्रोफेसर और पूर्वाशीष चक्रवर्ती, एजीएम यूको बैंक को पुष्प गुच्छ एवं प्रतीक चिह्न देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन में संकाय के डीन प्रो.एके सिंह ने में विज्ञान एवं मानविकी के समन्वय पर बल देते हुए एक प्रेरक संदेश दिया। आज का युग केवल तकनीकी प्रगति का नहीं, बल्कि मानवीय मूल्यों के साथ विकास का है। सम्मेलन के विशिष्ट अतिथि आईआईटी कानपुर के पूर्व प्रो.राज पी.छाबड़ा ने एक प्रेरणादायक संबोधन दिया।

उन्होंने कहा कि विज्ञान में स्वाभाविक रूप से कोई भेद नहीं होता और वर्तमान वर्गीकरण केवल सुविधा के लिए मौजूद हैं। उनका कथन पीपल मीट, आइडियाज मल्टीप्लाई, दे डोंट जस्ट ऐड अप श्रोताओं के बीच गहरी प्रतिध्वनि छोड़ गया। इसके बाद सम्मेलन के मुख्य अतिथि प्रो.एमजी ठक्कर, ने अपने उद्बोधन में अभियांत्रिकी के विकास का एक व्यापक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। उन्होंने संगोष्ठी में सतत विकास की चिंताओं और जलवायु परिवर्तन पर भी प्रकाश डाला एवं मंगल ग्रह की खोज की तुलना में पृथ्वी में सुधार को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर बल दिया।

प्रौद्योगिकी विकास में नैतिक विचारों की महत्ता पर चर्चा की और पृथ्वी को एक जीवंत इकाई के रूप में मान्यता देने पर जोर दिया। सम्मलेन का पहला शैक्षणिक सत्र भौतिक विज्ञान, रासायनिक विज्ञान, गणित विज्ञान और मानविकी विषयों पर केंद्रित रहा। भौतिक विज्ञान ट्रैक में लविवि के प्रो.सतेंद्र पाल सिंह की अध्यक्षता में प्रो. अजित एम.श्रीवास्तव ने गुरुत्वाकर्षण तरंग खोज, प्रो.विशाल चंदेल ने सीईओडब्ल्यू अनुप्रयोग, प्रो.प्रवीण कुमार ने ऊर्जावान आयन किरणों और डॉ.संतु मंडल ने भारी-आयन टकरावों पर व्याख्यान दिए। रासायनिक विज्ञान में प्रो.आरएस चंदेल की अध्यक्षता में डॉ. मनीषा शुक्ला ने 2डी एनएमआर पर और डॉ.ऋतुराज मिश्रा ने स्पेन गनत पर व्याख्यान दिए। गणित विज्ञान ट्रैक में प्रो.राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में डॉ.विवेक कुमार सिंह, प्रो.अनिल कुमार और डॉ.सपना देवी ने व्याख्यान दिए।मानविकी के प्रथम ट्रैक में प्रो. विनोद मिश्रा की अध्यक्षता में रस सिद्धांत और जनजातीय साहित्य पर चर्चा हुई। जबकि मानविकी एवं प्रबंधन पर केंद्रित द्वितीय ट्रैक में प्रो.अमिताभ रॉय की अध्यक्षता में प्रो.प्रवीण साहू ने हरित विपणन और डॉ.सनोबर सिद्दीकी ने स्थिरता रिपोर्टिंग पर व्याख्यान दिए। अक्षय शर्मा और डॉ.भारती राय के साथ उपन्यास पाठ सत्र हुआ।

## TOI PAGE 2

### Students share vision for future

TIMES NEWS NETWORK



**POLICY MATTERS:** LU vice-chancellor Prof Alok Kumar Rai at the Raisina Hackathon organised by the Observer Research Foundation

**Lucknow:** Over 400 students from 32 colleges across Lucknow, Prayagraj and Kanpur shared their vision for India's future in the global landscape at the Raisina Hackathon organised by the Observer Research Foundation (ORF) and the ministry of external affairs, in Lucknow University on Friday.

Discussions on foreign policy and security revolved around India's role in maintaining regional stability, strengthening strategic alliances and addressing emerging threats like cyber warfare and border tensions. The climate change and sustainability session highlighted India's leadership in renewable energy, climate resilience policies and the need for collaborative global action to tackle environmental challenges.

The hackathon was held in Lucknow University to commemorate 10 years of the Raisina Dialogue, a world's leading forum on global governance. The upcoming Raisina Dialogue 2025, scheduled from March 17–19 in New Delhi, will convene global policymakers, business leaders and thought leaders to address pressing international challenges. Dignitaries such as LU vice chancellor Alok Kumar Rai, pro-VC Manuka Khanna, dean of the faculty of arts, Sanjay Gupta and president ORF Samir Saran and vice-president ORF Harsh V Pant were also present.

## LOKSATYA PAGE 3

### छात्रों ने रायसीना हैकाथॉन में अपने सपनों के भारत पर की चर्चा



**उपलब्धि**

**• लखनऊ विश्वविद्यालय ने शुक्रवार ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन ने किया आयोजन**

**लखनऊ, लोकसत्य।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने शुक्रवार ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन और भारत सरकार के विदेश मंत्रालय द्वारा आयोजित रायसीना हैकाथॉन की मेजबानी की। कार्यक्रम में लखनऊ और उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों, जैसे प्रयागराज, वाराणसी, गोरखपुर, कानपुर आदि जनपदों के 400 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। उन्होंने उभरते वैश्विक परिदृश्य में भारत की भूमिका पर अपने विचार प्रस्तुत किए। विश्वविद्यालय के ऐतिहासिक मालवीय सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में तीन प्रमुख विषयों पर चर्चा हुई। विदेश नीति और सुरक्षाः बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारत की भूमिका। जलवायु परिवर्तन और स्थिरताः वैश्विक हरित एजेंडा का नेतृत्व। डिजिटल भविष्यः वैश्विक तकनीकी युग की दिशा तय करना। इन सत्रों में 150 से अधिक छात्रों ने भाग लिया और चर्चा की कि भारत को किन वैश्विक चुनौतियों का नेतृत्व करना चाहिए।

### छात्रों ने रायसीना हैकाथॉन में अपने सपनों के भारत पर की चर्चा

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन और भारत सरकार के विदेश मंत्रालय द्वारा आयोजित रायसीना हैकाथॉन की मेजबानी की। इस कार्यक्रम में लखनऊ और उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों जिनमें प्रयागराज, वाराणसी, गोरखपुर और कानपुर आदि जनपदों के 400 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। उन्होंने उभरते वैश्विक परिदृश्य में भारत की भूमिका पर अपने विचार प्रस्तुत किए। लविवि के ऐतिहासिक मालवीय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में तीन प्रमुख विषयों पर चर्चा हुई। इन सत्रों में 150 से अधिक छात्रों ने भाग लिया और चर्चा की। भारत को किन वैश्विक चुनौतियों का नेतृत्व करना चाहिए किन मुद्दों पर भारत को अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए? वैश्विक प्रगति, समृद्धि और समानता को बढ़ावा देने के लिए कौन से कदम उठाने चाहिए? इन विचारों के माध्यम से उन्होंने अपने सपनों के भारत की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस दौरान लविवि के कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय, प्रति कुलपति, प्रो.मनुका खन्ना, कला संकाय अध्यक्ष, राजनीति शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो.संजय गुप्ता एवं अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ.समीर सरन,उपाध्यक्ष प्रो.हर्ष पंत एवं ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन के प्रमुख सदस्यों के साथ भारत सरकार के विदेश मंत्रालय नई दिल्ली के अधिकारीयों की भी उपस्थिति रही।'नई दशक, नई आवाज़' थीम पर आधारित यह हैकाथॉन रायसीना संवाद की दसवीं वर्षगांठ को चिह्नित करता है। रायसीना संवाद वैश्विक शासन पर दुनिया का अग्रणी मंच है,जिसे ओआरएफ और विदेश मंत्रालय द्वारा सह-आयोजित किया जाता है। मुंबई, लखनऊ और बड़ौदा में आयोजित किए जा रहे रायसीना हैकाथॉन का उद्देश्य भारत के युवाओं की सोच और दृष्टिकोण को समझना और उन्हें वैश्विक चर्चाओं में योगदान देने के लिए सशक्त बनाना है। हैकाथॉन में उत्पन्न विचार भविष्य के रायसीना संवाद को आकार देने में मदद करेंगे।